महर्षि दयानन्द सरस्वती विश्वविद्यालय, अजमेर

क्रमांकः एफ.1 ( )संस्था / मदसविवि / 2026 / दिनांक :–

स्पीड पोस्ट

संयुक्त सचिव, उच्च शिक्षा,
शिक्षा (ग्रुप–4) विभाग,
राजस्थान सरकार,
शासन सचिवालय,
जयपुर।

विषयः–कार्मिक विभाग द्वारा जारी परिपत्र क्रमांक प.2(157)कार्मिक / क–3 / शिका / 97 जयपुर दिनांक 22.03.2023 के संबंध में।

संदर्भः–शासन उप सचिव प्रशासनिक सुधार (अनुभाग–3), राजस्थान सरकार, जयपुर के पत्र क्रमांक प.6(23)प्र.सु. / अनु–3 / 1999–03947 दिनांक 02.04.2026.

महोदय,

उपर्युक्त विषयान्तर्गत एवं सन्दर्भित पत्र के क्रम में निवेदन है कि कार्मिक विभाग द्वारा जारी परिपत्र क्रमांक प.2(157)कार्मिक / क–3 / शिका / 97 जयपुर दिनांक 22.03.2023 के द्वारा पुनरावलोकन समिति का गठन किया गया है। अतः लोक सेवकों के अपराधिक प्रकरणों में निलम्बन एवं निलम्बन से बहाली के संबंध में अग्रिम आवश्यक कार्यवाही बाबत पुनरावलोकन समिति के समक्ष प्रस्ताव प्रस्तुत किया जाना है।

महर्षि दयानन्द सरस्वती विश्वविद्यालय, अजमेर में पूर्व में कार्यरत डॉ0 सतीश अग्रवाल को कार्यालय आदेश क्रमांक एफ.1( )संस्था / मदसवि / 2018 / 750 दिनांक 19.10.2018 के द्वारा भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो द्वारा रूपये 50,000 / – के रिश्वत प्रकरण में दिनांक 15.10.2018 को रंगे हाथों गिरफ्तार किये जाने, भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम (संशोधन) 2018 में प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 290 / 18 दर्ज किये जाने तथा दिनांक 15.10.2018 से निरन्तर न्यायिक अभिरक्षा में लिये जाने के कारण, उन्हें दिनांक 15.10.2018 से तुरन्त प्रभाव से निलम्बित किया गया। डॉ0 सतीश अग्रवाल के प्रकरण में अभियोजन स्वीकृति जारी हो चुकी है एवं प्रथम सूचना रिपोर्ट 290 / 2018 में चालान प्रस्तुत हो गया है। डॉ0 सतीश अग्रवाल विश्वविद्यालय सेवा से दिनांक 31.08.2024 को सेवानिवृत हो चुके हैं। प्रशासनिक सुधार (अनुभाग–3) विभाग ने पत्र दिनांक 04.02.2026 के द्वारा सूचित किया है कि इस विभाग द्वारा प्रकरण में कोई कार्यवाही अपेक्षित नहीं होने के फलस्वरूप प्रकरण में संबंधित प्रशासनिक विभाग से पत्र व्यवहार करें (प्रति संलग्न)। अतः डॉ0 सतीश अग्रवाल के प्रकरण से सम्बन्धित दस्तावेज पत्र के साथ संलग्न कर उचित निर्णयार्थ प्रेषित है।

संलग्नकः–उपर्युक्तानुसार।

भवदीय

–Sd–

कुलसचिव

क्रमांकःएफ.1( )संस्था / मदसविवि / 2026 / 15913-917 दिनांक :– 29-4-26

प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः–

1. वेब एडमिनिस्ट्रेटर, मदसविवि, अजमेर।
2. कुलगुरू सचिवालय, मदसविवि, अजमेर।
3. निजी सहायक–कुलसचिव, मदसविवि, अजमेर को सूचित कर लेख है कि संबंधित को ई–मेल प्रेषित करावें।
4. डॉ0 सतीश अग्रवाल, सेवानिवृत प्रोफेसर, निवासी–27–28, हनुमान नगर, लोहागल पंचशील रोड़, अजमेर–305004.
5. रक्षित पत्रावली संस्थापन अनुभाग, मदसविवि, अजमेर।

28/4/26

सहायक कुलसचिव (संस्थापन)